## समाचार

## एम.आई.सी. ने दी विभिन्न जनहितकारी प्रस्तावों को मंजूरी

## ( निगम की कालोनियों में सीवरेज प्रोजेक्ट हेतु 33.89 करोड रू. की अनुशंसा)

## (मेयर इन काउंसिल की बैठक सम्पन्न)







कोरबा 05 जून 2015 –नगर पालिक निगम कोरबा की मेयर इन काउंसिल द्वारा आज विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं एवं आमजन के हित से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई, साथ ही निगम के विकास एवं निर्माण कार्यो तथा सीवरेज लाईन से संबंधित अन्य विभिन्न प्रस्तावों पर एम.आई.सी. द्वारा सर्वसम्मति से आवश्यक निर्णय लिये गये।

महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त श्री आलोक चन्द्रवंशी की उपस्थिति में आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत के प्रथम तल स्थित सभागार में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं यथा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, सुखद सहारा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के हितग्राहियों से जुड़े प्रस्तावों को मेयर इन काउंसिल द्वारा सर्वसम्मति से अपनी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के दौरान 01 करोड 29 लाख 23 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 09 परिवहन नगर अंतर्गत विभिन्न स्थानें पर सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण , 01 करोड 16 लाख 83 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 02 में स्टेडियम चौक से तुलसीनगर सब स्टेशन तक सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य, 01 करोड़ 47 लाख 64 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 09 पेट्रोल पंप से कलवर्ट (कांटाघर) तक सी.सी.रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य, 07 करोड 45 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 28 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के अंतर्गत सीवरेज लाईन, सेप्टिक टैंक एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के प्रोवाईडिंग, लेईंग निर्माण कार्य, 07 करोड 03 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 23 पं.रविशंकर शुक्ल नगर में सीवरेज लाईन, सेप्टिक टैंक एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के प्रोवाईडिंग, लेईंग निर्माण कार्य, 02 करोड 92 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 25 नेहरूनगर में सीवरेज लाईन, सेप्टिक टैंक एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के प्रोवाईडिंग, लेईंग निर्माण कार्य, 06 करोड 18 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 24 महाराणा प्रताप नगर (विस्तार) में सीवरेज लाईन, सेप्टिक टैंक एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के प्रोवाईडिंग, लेईंग एवं

निर्माण कार्य एवं 10 करोड 31 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. महाराणा प्रताप नगर में सीवरेज लाईन, सेप्टिक टैंक एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के प्रोवाईडिंग, लेईंग एवं निर्माण संबंधी कार्य को भी मेयर इन काउंसिल ने अपनी स्वीकृति प्रदान की।

बैठक में मेयर इन काउंसिल सदस्य महेन्द्र सिंह चौहान,ईस्माईल कुरैशी, डॉ.गोपाल कुर्रे, सुनीता राठौर, दिनेश सोनी, संतोष राय, सीताराम चौहान, देवीदयाल सोनी, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर. मिश्रा, अधीक्षण अभियंता एम. के. वर्मा, कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, आर.के. भोजासिया, ग्यास अहमद, आर.के. चौबे, आर.के. माहेश्वरी, संपदा अधिकारी एन.एस. करपे, समाज कल्याण अधिकारी डॉ.शिरीन लाखे, निगम सचिव पवन वर्मा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, सहायक अभियंता विनोद शांडिल्य, भूषण उरांव, अखिलेश शुक्ला, एच.आर. बघेल आदि के साथ निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**जनसंपर्क अधिकारी**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)